निरीक्षण आख्या

दिनांक 20.07.2020 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन क्षेत्र संचारी रोग की रोक थाम हेतु नगर निगम द्वारा किये जा रहे विशेष सफाई अभियान का निम्नलिखित स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान निम्न कमियां पायी गयीः–

1– श्री के0के0 सिहं	स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक
2– श्री राजकुमार लवानियां	स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक
3– श्री मुकेश शर्मा	स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक
4– श्री विपिन कुमार	स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक

1– मंडी चौराहा (एनएच–2) से नरसीबिहार कॉलौनी तक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि, नरसी बिहार कॉलौनी के सामने एक खाली प्लॉट में कूड़ा पड़ा मिला जिसको साफ कराये जाने हेतु श्री विपिन स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही–अपर नगर आयुक्त/क्षेत्रीय स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक)

2– ट्रान्सपोर्ट नगर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौराना पाया गया कि, नाले में पानी एकत्र मिला एवं एक खाली प्लॉट में भी पानी भरा हुआ पाया गया। जिसके सम्बन्ध में क्षेत्रीय स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि नाले की लेवल ठीक नही है इस लिये पानी एकत्र रहता है। क्षेत्रीय स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि, सिविल के क्षेत्रीय अवर अभियन्ता को साथ लेकर निरीक्षण करायें और पानी की प्रोपर निकासी का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। और सहायक अभियन्ता(जल) से समन्वय स्थापित कर पम्प सैट लगवा कर उक्त पानी को निकलवाना सुनिश्चित करें। ट्रान्सपोर्ट नगर में चन्दन ग्रीन्स के सामने प्लॉट में भी गंदगी पायी गयी। ट्रान्सपार्ट नगर में गंदगी अधिक मात्रा में है जिसमें विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।



(कार्यवाही–अपर नगर आयुक्त/ क्षेत्रीय अवर अभियन्ता, सिविल/ सहायक अभियन्ता,जल/क्षेत्रीय स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक)

3– ट्रान्सपोर्ट नगर में मेन रोड पर लाइट लगी हुयी है इन सभी लाइटों का सहायक अभियंता वि/यां निरीक्षण कर लें और जो लाइट खराब हैं उनको सही कराये जो सही होने की स्थिति में नही है उनके स्थान पर नई लाइट लगवायें।

(कार्यवाही–सहायक अभियन्ता वि/यां)

4– महोली रोड (एनएच से नया बस स्टैण्ड) का निरीक्षण किया गया जिस पर गंदगी अधिक पायी गयी और पशु पालको द्वारा गोबर भी एकत्र कर रखा है। उक्त रोड़ पर विशेष

सफाई अभियान चलाया जाय। उक्त रोड पर सी एण्ड डी वेस्ट भी अधिक मात्रा में दिखायी दिया। मुख्य अभियन्ता (सिविल) सी.एण्ड डी वेस्ट को उठवाया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अपर नगर आयुक्त/मुख्य अभियन्ता, सिविल /क्षेत्रीय स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक)

5– ट्रान्सपोर्ट नगर के मेन रोड का डिवाइडर खराब स्थिति में है। इस डिवाडर के सौन्दर्यीकरण हेतु मुख्य अभियन्ता(सिविल) प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही– मुख्य अभियन्ता, सिविल)

(रविन्द्र कुमार मांदड)
नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

संख्या 214/एम.डी-2/नि०/2020-21 दिनांक- 23-7-2020

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को अनुपालनार्थ।

1– आयुक्त महोदय, आगरा मण्डल,आगरा को सादर सूचनार्थ।

2– सम्बन्धित को अनुपालनार्थ।

नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।